



# म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

JANUARY 2024

https://mpcci.in

## e अर्थवार्ता

मासिक पत्रिका


- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- डाक पंजीकृत सं. ग्वालियर / 40020263/2023–25
- वर्ष : 26, अंक : 7
- माह : जनवरी 2024

## एमएसएमई उद्योग विकास के इंजन हैं : श्री चैतन्य कुमार काश्यप, मंत्री, MSME

## उद्योगों पर दोहरे करारोपण का शीघ्र किया जाएगा समाधान : श्री पी. नरहरि, उद्योग आयुक्त

## उद्यम परिचय संवाद 'चेम्बर भवन' में आयोजित




सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री, माननीय श्री चैतन्य कुमार काश्यप के मुख्यातिथ्य में उद्यम परिचय संवाद कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 4 जनवरी, 24 को 'चेम्बर भवन' में किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएसएमई सचिव एवं उद्योग आयुक्त म. प्र. शासन–श्री पी. नरहरि विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का पदाधिकारियों द्वारा फलों की टोकरी भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने अतिथिगणों के सम्मान स्वागत उद्बोधन में कहा कि सरकार गठन के पश्चात् आज ग्वालियर एवं चेम्बर भवन में प्रथम बार माननीय एमएसएमई मंत्री जी का आगमन हुआ है, हम उनका हृदय से हार्दिक अभिनंदन करते हैं। आपने विशिष्ट अतिथि–श्री पी. नरहरि जी एवं उपस्थित सभी उद्यमियों का शब्दों से स्वागत करते हुए कहा कि उद्योग, प्रदेश एवं देश के विकास में रीढ़ की हड्डी की भूमिका अदा करते हैं। इसलिए सरकार को भी उनकी चिंता उनकी महत्वता को दृष्टिगत रखते हुए उसी प्रकार करना चाहिए। आपने आशा व्यक्त कि नवीन एमएसएमई मंत्री एवं उद्योग आयुक्त के नेतृत्व में ग्वालियर अंचल की एमएसएमई इकाईयों का स्वर्णिम भविष्य होगा।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारें, श्री पी. नरहरि ने इस अवसर पर कहा कि उद्योगपतियों की दोहरे करारोपण की समस्या काफी पुरानी है और इसका उपाय ढूंढ लिया गया है। आपने कहा कि आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा पंचायती राज एवं नगरीय निकाय अधिनियम में संशोधन कर, उद्योगपतियों से एक ही कर लिया जा रहा है और उस कर की राशि को समान रूप से बाद में विभक्त कर लिया जाता है। मध्यप्रदेश भी इसी तर्ज पर आपकी इस माँग का समाधान करने जा रहा है। चूंकि इसके लिए पंचायती राज एवं नगरीय निकाय अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता है, इसलिए शीघ्र ही यह संशोधन कर, उद्योगपतियों को राहत प्रदान की जाएगी।





मुख्य अतिथि, एमएसएमई मंत्री–माननीय श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आज के कार्यक्रम का उद्देश्य आपसे संवाद करना है, ताकि एमएसएमई की बेहतरी के लिए कार्य किए जा सकें। आगामी दौरे पर पूरे एक दिवस उद्योगपतियों से चर्चा एवं औद्योगिक क्षेत्रों के भ्रमण का शेड्यूल निर्धारित कर, आपके बीच आऊंगा। आपने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने विकास के विकेन्द्रीकरण का निर्णय किया है। इसके लिए कैबिनेट की बैठकें प्रदेश के महानगरों में जाकर किया जाना तय किया है। विगत दिवस जबलपुर में यह बैठक आयोजित हो चुकी है और आगामी बैठक महाकाल नगरी उज्जैन में होना है। इसके बाद ग्वालियर में यह बैठक आयोजित होगी। इसका उद्देश्य है कि महानगर के स्थानीय मुद्दों को कैबिनेट की बैठक में रखकर उनका शीघ्र समाधान किया जाए। आपने कहा कि यह एक नये युग की शुरूआत है। हमारे प्रधानमंत्री जी ने एमएसएमई व स्टार्टअप को प्राथमिकता में लिया है क्योंकि एमएसएमई विकास के इंजन हैं, जो कि सबसे ज्यादा रोजगार का सृजन करते हैं और प्रदेश के विकास में अपनी अहम भूमिका का निर्वाहन करते हैं। मैं स्वयं एक उद्यमी हूँ, इसलिए सरकार ने मुझे एमएसएमई मंत्रालय सौंपा है। मैं, आपकी समस्याओं को बेहतर समझता हूँ। आपने कहा कि उद्योगों की समस्याओं का समाधान हो और नये उद्यमी हताश न होकर यह महसूस करें कि सरकार उनके साथ खड़ी है, ऐसा वातावरण निर्मित करने का प्रयास होगा। हमारा प्रदेश अभी एमएसएमई के विकास में 7वें–8वें नंबर पर है। हम मध्यप्रदेश को एमएसएमई के क्षेत्र में नंबर वन बनाने का प्रयास करेंगे, क्योंकि महाराष्ट्र एवं गुजरात में अब सेचुरेशन आ चुका है। इसका हमें लाभ उठाते हुए मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी औद्योगिक प्रदेश बनाने की दिशा में हरसंभव प्रयास करना हैं।



कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का संचालन, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल एवं आभार मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष–हेमंत गुप्ता, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल सहित पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिवद्वय–सर्वश्री ललित गुप्ता, जगदीश मित्तल, एमएसएमई उपसमिति संयोजक–श्री संजय कपूर, सहसंयोजक–श्री संजय धवन, व्यवसायिक एवं औद्योगिक मेला आयोजन उपसमिति संयोजक–श्री सोबरन सिंह तोमर, सहसंयोजक–श्री प्रकाश रोहरा, कार्यकारिणी समिति सदस्य–सर्वश्री राजेन्द्र अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, राजेश माखीजा, नंदकिशोर गोयल, रामकुमार चौपड़ा, पारस जैन, महेन्द्र साहू, दीपक श्रीचंद जैस्वानी एवं विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में उद्योगपति उपस्थित थे।

# हमारा और आपका सहयोग ग्वालियर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बना सकता है : श्री राजेश सिंह चंदेल, पुलिस अधीक्षक

## शहर की यातायात एवं कानून व्यवस्था पर बैठक आयोजित




शहर की यातायात एवं कानून व्यवस्था पर पुलिस अधीक्षक–श्री राजेश सिंह चंदेल के सानिध्य में दिनांक 8 जनवरी,24 को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक के साथ ही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात)–डॉ. ऋषिकेश मीणा, सीएसपी लश्कर–श्री के.एम. सियाज, डीएसपी ट्रैफिक–श्री अजीत सिंह चौहान, ट्रैफिक टीआई–गोला का मंदिर–श्री धनंजय शर्मा, ट्रैफिक टीआई–झांसी रोड–श्री प्रमोद साहू, ट्रैफिक टीआई–कम्पू–श्री अभिषेक रघुवंशी, थाना प्रभारी कोतवाली–श्री मनोज झा, कम्पू–श्री शिव कुमार शर्मा, माधौगंज–श्री धर्मेन्द्र सिंह, इंदरगंज–श्री शिवम सिंह राजावत उपस्थित रहे।

अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने इस अवसर पर अपने उद्‌बोधन में कहा कि आज पुलिस अधीक्षक महोदय अपनी पूरी टीम के साथ हमारे आग्रह पर इस संस्था में पधारे हैं। ग्वालियर पुलिस बेहतर कार्य कर रही है। इससे अपराध कम घटित हो रहे हैं और अपराध घटित होने पर उनको ट्रेस करने का प्रतिशत भी 90% से ऊपर है। आपने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था भी कानून व्यवस्था में ही आती है। यदि हम इस समस्या को तकनीकी तौर पर हल करेंगे, तो कम पुलिस बल में भी हम बेहतर प्रयास कर पाएंगे। आपने कहा कि आज की बैठक में रखी जाने वाले यातायात समस्याओं का भी हल निकलेगा, ऐसी हम उम्मीद करते हैं। आपने कहा कि सरकार की पहल पर हर छोटे से छोटा व्यवसायी भी कैशलेस की तरफ कदम बढ़ा रहा है, लेकिन सायबर अपराध उसके इस कदम में प्रतिरोधक बन रहे हैं। इसलिए सायबर अपराध को रोकने के लिए कोई ऐसा हेल्प लाइन नंबर जारी होना चाहिए, ताकि व्यक्ति सायबर अपराध घटित होने पर शीघ्रता से अपनी शिकायत दर्ज करा सकें क्योंकि इन घटनाओं में प्रारंभ के कुछ घंटे बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, यदि इस समय में प्रभावी कार्यवाही हो, तो सायबर अपराधी को पकड़ा जा सकता है।

इस अवसर पर मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने व्यापारियों एवं उद्योगपतियों से प्राप्त लिखित सुझावों को बैठक में रखते हुए कहा कि यदि पुलिस रॉंग साइड से आने वाले वाहन रोके, सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण को न होने दे और मार्गों के लेफ्ट टर्न को फ्री रखे, तो शहर की यातायात समस्या का लगभग निदान हो जाएगा। इन तीन कारणों से ही शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा रही है और इस पर प्राथमिकता से कार्य करने की महती आवश्यकता है।

बैठक में पधारे व्यवसायी एवं उद्योगपतियों ने लेफ्ट टर्न, रॉंग साइड वाहन, तेज हॉर्न, सड़कों पर अतिक्रमण, सवारी वाहन स्टॉप के कारण हो रही परेशानी, ट्रैक्टर ट्रॉलियों का शहर में पीक टाइम में आना, ई–रिक्शा ऑटो रिक्शा की बढ़ती संख्या, ट्रैफिक सिग्नल, एजी ऑफिस पुल एवं बिरलानगर पुल पर हादसों को देखते हुए इनमें सुधार सहित शहर के विभिन्न बाजारों में जिनमें लश्कर, मुरार, उपनगर ग्वालियर में लगने वाले जाम की समस्या को रखते हुए उनके सुझाव भी बैठक में देते हुए अपनी बात पुलिस अधीक्षक महोदय एवं उनकी टीम के समक्ष रखीं।



बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक–डॉ. ऋषिकेश मीणा द्वारा व्यापारियों द्वारा रखे गए प्रत्येक बिन्दु को नोट करते हुए उसका उचित हल बैठक में प्रस्तुत किया । साथ ही, नगर–निगम, स्मार्ट सिटी एवं कलेक्टर महोदय के अधिकार क्षेत्र के तहत होने वाले कार्यों को उनके माध्यम से शीघ्र कराए जाने की बात कही।

पुलिस अधीक्षक–श्री राजेश सिंह चंदेल जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि शहर की समस्याओं से हम सभी परिचित हैं। शहर की समस्याएं तीन प्रकार की हैं, व्यक्तिगत, हितबद्ध और कॉमन समस्या। कठिनाई तब होती है, जब हम इन तीनों को मिक्स कर देते हैं। आपने उदाहरण दिया कि इंदौर में जब मैं रहा तो वह उतना स्वच्छ शहर नहीं था लेकिन आज निरंतर स्वच्छता में नंबर वन आ रहा है। वह धीरे–धीरे इस ओर बढा है और आज वहां का लगभग हर नागरिक शहर की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था का ख्याल रखता है। यदि हम और आप मिलकर सहयोग करेंगे तो शहर की यातायात व्यवस्था हल हो जाएगी और हमारा ग्वालियर शहर भी यातायात में सुव्यवस्थित हो सकेगा। हमने शहर के 26 पॉइंट्स का निरीक्षण कलेक्टर महोदय के साथ करके समस्याओं को नोट किया है और उस पर निरंतर कार्य कर रहे हैं। हम तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ई–चालान कर रहे हैं। 650 कैमरे हमने मांगें जो कि अब तक पुलिस बल को नहीं मिल पाए हैं। आपने कहा कि यदि आप इसमें पुलिस की मदद करेंगे तो हम और बेहतर व्यवस्था बना पाएंगे। आपने कहा कि बाजारों में द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को बैठक वहां की एसोसिएशन के साथ करके यातायात व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। थाना प्रभारियों की जिम्मेदारी तय की गई कि वह अपने थाना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में प्रभावी तरीके से कार्य करें। आपने कहा कि जो शहर के व्यस्त बाजार हैं, उनके यदि आप लोडिंग अनलोडिंग का समय पीक टाइम में न रखें तो यातायात व्यवस्था को सुधारने में मदद मिल सकती है। आपने कहा कि आप ग्राहक को भगवान मानते हैं तो अपने भगवान के लिए अपने व्यवसाय स्थल के सामने वाहन पार्क करने की जगह रखें वहां स्वयं के वाहन पार्क न करें। आपने कहा कि सायबर अपराधों की जानकारी देने के लिए एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया जाएगा। साथ ही, अपराधों से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें इसका प्रचार प्रसार किया जाएगा। व्यवसायियों को चेम्बर भवन में जागरूकता सेमीनार आयोजित किया जाएगा।

अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक महोदय को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन को कैमरे बाजारों की एसोसिएशन के सहयोग से दिलवाए जाएंगे लेकिन उन्हें नियंत्रित पुलिस प्रशासन को ही करना होगा। साथ ही इसी माह में सायबर अपराधों से बचाव के लिए सेमीनार का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये।

कार्यक्रम का संचालन मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल एवं आभार उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष–हेमंत गुप्ता, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार कुमार, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष–वसंत अग्रवाल, यातायात उपसमिति संयोजक एवं लोहिया बाजार के अध्यक्ष–संजय कट्ठल, दाल बाजार व्यापार समिति के अध्यक्ष–दिलीप पंजवानी, कार्यकारिणी समिति सदस्य–महेन्द्र साहू, संजय अग्रवाल, आशुतोष मिश्रा, रवि कुमार गर्ग, विवेक बंसल, आशीष जैन, दीपक श्रीचंद जैस्वानी, नंदकिशोर गोयल, अमित सेठी, अभिषेक गोयल सन्नी, डॉ. विवेक जैन, अजीत जैन, दीपक अग्रवाल, धर्मेन्द्र जैन, एवं सदस्यगण–लेखराज रावल, संजय धवन, माधव अग्रवाल, राजेश बांदिल, स्वतंत्र गोयल, भारती बंसल, कन्हैयालाल चांदवानी, अनिल गुप्ता, अजीत जैन आर्मी, नरेश अग्रवाल, संजय गुलाटी, सहित काफी संख्या में व्यवसायी एवं उद्योगपति उपस्थित रहे।

http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# चेम्बर संवाद

## समूह क्रमांक 18 (लोहा व्यवसाय) एवं 19 (थोक लोहा व्यवसाय) की बैठक आयोजित




'चेम्बर संवाद' की श्रृंखला के अन्तर्गत दिनांक 11 जनवरी, 24 को समूह क्रमांक– 18 (लोहा व्यवसाय) एवं समूह क्रमांक– 19 (थोक लोहा व्यवसाय) की बैठक 'चेम्बर भवन' में आयोजित की गई।

आज आयोजित संवाद में व्यवसायियों ने बताया कि लोहिया बाजार की यातायात व्यवस्था काफी खराब हो गई है। दुकान के बाहर सामान रखने और लोडिंग वाहनों का बेतरतीब खड़ा होना इसका कारण है। इसके साथ ही, लोहिया बाजार में मयखाने खुलने से असमाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है, उनके द्वारा जुआ खेलने से बाजार की छवि प्रभावित हो रही है। इसके अतिरिक्त लोहा व्यवसायियों द्वारा चैक बाउंस के प्रकरणों के निराकरण में लगने वाले समय, बकाया जलकर माफी योजना चलाए जाने, व्यवसायियों को रिटायरमेंट के बाद पेंशन, गारबेज शुल्क लिया जा रहा है, तो सम्पत्ति कर से स्वच्छता उपकर को हटाने, ट्रांसपोर्ट नगर के व्यवसायियों से जीडीए द्वारा संधारण शुल्क लेने तथा निगम द्वारा सम्पत्ति कर लिए जाने से दोहरा करारोपण, आरटीओ द्वारा लगाई जा रही यूनिक नंबर प्लेट का कैम्प लगाए जाने संबंधी समस्याएं रखीं।

इस अवसर पर अध्यक्ष, डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि चेम्बर संवाद का उद्देश्य आपके व्यवसाय में आ रही समस्याओं का संकलन करना है। आज आपके द्वारा जो समस्याएं रखी गई हैं, उन पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। लोहिया बाजार की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए यदि आप सभी सहमत हैं, तो यह समस्या अब नहीं रहने वाली है। आपने सभी व्यवसायियों से कहा कि आप स्वयं से इसकी शुरूआत करें।

बैठक में सभी व्यवसाईयों ने एकमत से दुकान के बाहर सामान नहीं रखने पर सहमति व्यक्त की तथा कहा कि यदि कोई व्यवसायी ऐसा करता है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि समूह क्रमांक– 18 एवं समूह क्रमांक– 19 के कार्यकारिणी समिति सदस्य एवं ग्वालियर लोहा व्यवसायी संघ आज से ही दुकान के बाहर सामान न रखने के लिए सोशल मीडिया पर अभियान चलाएँ, कि हम अपना सामान दुकान के बाहर नहीं रखेंगे और यदि कोई ऐसा करता है, तो उसका पक्ष नहीं लेंगे।

बैठक के अंत में उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में पूर्व कोषाध्यक्ष–रामनिवास अग्रवाल, ग्वालियर लोहा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष–संजय कट्ठल, सचिव–निर्मल कुमार जैन, कार्यकारिणी समिति सदस्य–विनोद कुमार बिजपुरिया, सुभाष गुप्ता, मनोज भाटिया, वैभव सिंघल सहित, लोहा व्यवसायी–राकेश जैन, श्रीराम गुप्ता, रामकिशन सिंघल, हेमंत कोठारी, शिव कुमार गुप्ता, अजय गुप्ता, बालकिशन अग्रवाल, राजेश गुप्ता, विवेक जैन, अशोक कुमार, निखिल गुप्ता, नरेन्द्र छिरोल्या, अमित जैन, नरेन्द्र शिवहरे आदि उपस्थित रहे।

# शहर के खाद्य व्यापारियों को FOSTAC योजना का दिया गया प्रशिक्षण

## MPCCI की पहल से खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का 'चेम्बर भवन' में हुआ आयोजन



खाद्य व्यापारियों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से दिनांक 13 जनवरी, 24 को खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (FSSAI) की FOSTAC योजना के अन्तर्गत 'चेम्बर भवन' में MPCCI द्वारा उक्त एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एण्ड फाउण्डेशन, इन्दौर के सहयोग से किया गया।

खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (FSSAI) के अधिकृत प्रशिक्षक-श्री संजय काले द्वारा पॉवर पोइन्ट प्रजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित खाद्य व्यवसाईयों को प्रशिक्षित किया गया। आपने खाद्य व्यवसाईयों को प्रशिक्षण देते हुए, खाद्य विभाग के 2011 के नियम जो अनुसूची-4 में बताए गए हैं, उसे प्रशिक्षण में व्यापारियों को समझाया गया और उसे आने वाले समय में पालन करने का सुझाव दिया गया। इस अवसर पर श्री अनुज सक्सेना, ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एण्ड फाउण्डेशन, इन्दौर विशेष रूप से उपस्थित थे।

उपरोक्त शिविर में 76 खाद्य व्यवसाईयों द्वारा शामिल होकर प्रशिक्षण लिया गया। व्यवसाईयों ने अत्यन्त ही उत्साह के साथ खाद्य सुरक्षा विभाग के कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्राप्त की। शिविर में उपस्थित व्यवसाईयों द्वारा एफएसएसएआई के अधिकृत प्रशिक्षक-श्री संजय काले से अपने व्यवसाय से संबंधित कई प्रश्न भी पूछे गए, जिस पर ट्रेनर द्वारा सभी व्यवसाईयों के सवालों का जवाब देते हुए FSSAI के नियमों का पालन करने हेतु अपील की।

शिविर में कार्यकारिणी सदस्य-सर्वश्री नन्दकिशोर गोयल, राजेश माखीजा, महेन्द्र साहू सहित दाल बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष-श्री दिलीप पंजवानी, श्री कृष्णगोपाल अग्रवाल उपस्थित थे।

### MPCCI के प्रयासों को मिली सफलता......

## सोलर प्लांट हेतु नेटमीटर में लगने वाली सिम अब ग्वालियर में ही मिलेगी

सोलर प्लांट में मॉडम कम्यूनिकेशन हेतु उपयोग में आने वाली सिम जो कि पहले भोपाल से प्रदान की जाती थी, अब वह ग्वालियर में ही मिलेगी। चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा इसके लिए 21 सितंबर, 2023 को उप मुख्य महाप्रबंधक (एन.सी.ई.), म. प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, भोपाल को पत्र प्रेषित कर, उक्त सिम को ग्वालियर कार्यालय से ही प्रदान किए जाने का अनुरोध किया गया था। ज्ञात रहे सोलर प्लांट की स्थापना के दौरान नेटमीटर के मोडम में लगने वाली सिम को भोपाल कार्यालय से दिया जाता था, जिससे सोलर प्लांट की स्थापना में देरी होती थी। सोलर वेण्डर्स द्वारा जब इस बात से चेम्बर को अवगत कराया गया, तब संस्था द्वारा इस पर प्रभावी कार्यवाही की गई।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अनुरोध पर मुख्य महाप्रबंधक, ग्वालियर रीजन द्वारा दिनांक 29.12.2023 को एक आदेश जारी कर, श्री नरेश सिंह यादव DGM (खढ) को इस कार्य के लिए अधिकृत किया गया है। अब सोलर प्लांट हेतु आवश्यक नेटमीटर के मोडम में लगने वाली सिम को ग्वालियर कार्यालय से ही उपलब्ध कराया जाएगा।

MPCCI की इस पहल से अब सोलर प्लांट लगने में होने वाली देरी से ग्वालियरवासियों को राहत मिलेगी। पदाधिकारियों ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए म. प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का आभार व्यक्त किया है।

http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# अयोध्या में ''श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव'' के उपलक्ष्य में 'चेम्बर भवन' में भव्य कार्यक्रम आयोजित



अयोध्या में ''श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव'' के उपलक्ष्य में 'चेम्बर भवन' पर भव्य विधुत साज-सज्जा सहित दिनांक 22 जनवरी,24 को जय श्रीराम की आकृति बनाकर, 2100 दीप प्रज्ञवलित किए गए, सभी दीपकों को संस्था की सदस्य महिलाओं द्वारा सजाया गया था। साथ ही, रात्रि में भण्डारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य व उनके परिजन उपस्थित थे।

## जनवरी,2024 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर 'अकासा एयरलाइन' की फ्लाइट को नई दिल्ली-ग्वालियर-पुणे/पुणे-ग्वालियर-नई दिल्ली के मध्य संचालित किए जाने की माँग की गई।
* प्रदेश के मुख्यमंत्री, माननीय डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर व्यापार मेला में वाहन क्रय करने पर 'आरटीओ रजिस्ट्रेशन' में 50% छूट दिए जाने की घोषणा पर हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।
* नगरीय विकास एवं आवास मंत्री, माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर विकास प्राधिकरण एवं विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) को मर्ज करने अथवा लिंक करने की माँग की गई।
* केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर में स्थापित सीजीएसटी ऑडिट कार्यालय को ग्वालियर में यथावत् बनाए रखने की माँग की गई।
* पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर को शहर की यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था में सुधार किए जाने हेतु सुझाव प्रेषित किए गए।
* आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, गारबेज शुल्क में छूटी हुई मदों को परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारित युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव के प्रकाश में युक्तियुक्तकरण किए जाने की माँग की गई।
* ट्रेफिक व्यवस्था में सुधार हेतु थाना प्रभारी, हुजरात कोतवाली, इंदरगंज, माधवगंज, बहौड़ापुर, कम्पू, पड़ाव, ग्वालियर, झाँसी रोड एवं पुरानी छावनी को पत्र प्रेषित कर, समस्याओं के समाधान में सहयोग करने की अपेक्षा की गई।
* वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी, एमएसएमई-विकास एवं सुविधा कार्यालय, इन्दौर को पत्र प्रेषित कर, नेशनल वेण्डर डेवलपमेंट कार्यक्रम, 09-10 फरवरी को 'चेम्बर भवन' में आयोजित किए जाने की सहमति प्रदान की गई।
* प्रदेश के मुख्यमंत्री, माननीय डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में उच्च गुणवत्ता की सीमेंट काँक्रीट सड़क निर्माण एवं ड्रेनेज व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की माँग की गई।

# 75वें 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर 'चेम्बर भवन' पर अध्यक्ष – डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज






75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा 'चेम्बर भवन' पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। आपने उपस्थित सदस्यों को 75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हम हर वर्ष मनाते हैं, लेकिन इस वर्ष का गणतंत्र दिवस बहुत खास है क्योंकि हम सबके आराध्यक्ष भगवान श्रीराम 500 वर्ष बाद अपनी जन्मभूमि पर अभी हाल ही में 22 जनवरी को विराजमान हुए हैं। इसलिए आज का मौसम भी बहुत खुशनुमा है। हमें भले ही आजादी वर्ष 1947 में मिल गई थी, लेकिन भगवान राम तब विराजमान नहीं थे, इसलिए मैं मानता हूँ कि हमें पूर्ण आजादी 22 जनवरी को मिली है। इसके लिए आप सभी को बहुत–बहुत बधाई। गणतंत्र दिवस हम संविधान के लागू होने के उपलक्ष्य में मनाते हैं। भारत के संविधान में जरूरत के मुताबिक आमूल–चूल परिवर्तन की बात हो रही है, यह परिवर्तन भी हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। ग्वालियर भी बहुत तेजी से बदल रहा है। ग्वालियर में नया एयरपोर्ट आगामी 45 दिन में प्रारंभ हो जाएगा। यह बहुत कम समय में बनने वाला एयरपोर्ट होगा और यह रिकॉर्ड, इस संस्था के संस्थापक परिवार के मुखिया केन्द्रीय मंत्री, श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के नाम होने जा रहा है। आपने कहा कि म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स का लक्ष्य अंचल में बड़े उद्योग स्थापित करने का है। साथ ही यहाँ स्थापित लघु उद्योग कैसे बड़े उद्योग के रूप में परिवर्तित हों, यह भी हमारा लक्ष्य है। आपने स्थानीय प्रॉडक्ट्स की ब्रांडिंग करने तथा नेशनल वेण्डर डवलपमेंट कार्यक्रम चेम्बर ऑफ कॉमर्स में करने की जानकारी से भी सदस्यों को अवगत कराया।

कार्यक्रम का संचालन, कोषाध्यक्ष–संदीपनारायण अग्रवाल एवं आभार उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष–हेमंत गुप्ता, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, पूर्व अध्यक्षद्वय–डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, श्री जी. डी. लड्ढा, पूर्व संयुक्त अध्यक्ष–श्री प्रशांत गंगवाल, पूर्व उपाध्यक्षद्वय–श्री राधाकिशन खेतान, श्री पारस जैन, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव–श्री जगदीश मित्तल, पूर्व कोषाध्यक्ष–श्रीवसंत अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्यगण एवं काफी संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे।

## कार्यकारिणी समिति की बैठक

दिनांक 31 जनवरी,24 को प्रशासनिक भवन (श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण) में आयोजित की गई। उक्त बैठक में श्रीमंत माधवराव सिंधिया व्यापार मेले के विकास पर चर्चा की गई।

**प्रेषक :** स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा ग्राफिक्स वर्ल्ड, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक–दीपक अग्रवाल, दूरभाष–2371691,2632916,2382917